सलामा-वलामा कॅरिथ ब्यूठ ॲथि् सोफ़स प्यठ ।'' चायि कपाह च्यचिव !" शाहमथ पनॅनि् ज़ि म्यॅ चोल दंदॅ-ख्रपि किन नीरिथ छलॅ मंज़ ख्रींच ज़ान । 'ओ नो, थैंक यू ब्रदर । वैसे व्यजि् यलि चॅ वनान छुख 'पी लेंगे चानि दिल तसली खॉत्रॅ ।' अदॅ क्या, ज़्यवि गॅयम हॅट, ज़ंगन वॅछॅम नॅटिन, मगर सु कति वुछिहे, सु ओस लवन मोत गोमुत तॅ तोरॅ किसइॅ आलमस मंज़ वनान, "व्हाट ए ब्यूटिफुल आर्ट ।" ऑकिस अवेज़ान तख़्तस कुन ओंगजि सूँति् म्यॅ हावान, "यू अंडरस्टैंड दिस आर्ट ?" ॲमि सुन्द यि वनुन ज़ि म्यॅ चोल ल्वति नीरिथ — 'छवपॅ करता म्यॅ हा ब्यूठ्य हार्ट !' मगर सु कति बोज़ि है । सु ओस पननुय वनान, 'लुक दिस स्केपचर, अहाहा; कूताह् ब्यूटीफुल तॅ लवली छु, डू यू नो ?' यि हा छुय म्य बनोवमुत ।"

"अहन सॉ तॅ ज़बर है गौ, अमापोज अथ क्या वनान कॉशिरि पॉठि ?" तसॅन्द्यन वुठन हुन्द कुमॅजार डीशिथ कॅर म्यान्यौ होखिमॅत्यौ वुठौ ति पानस तरावथ ।

"कॉशुर ! यू मीन कश्मीरी ! यिय हा तॅ व्ययि क्याह्-मॉडर्न आर्ट । व्वजि् किथॅ कॅजि् समजावथ, ग्वड़ॅ छ यि कॉशिर ति कांह जबान !"

'न सॉ, कॅमि् वोनुय । ॲथि् छि वनान-पिलिम नै तॅ च्वकी गॉम !'

च्य क्या गाल छयि गछान कॉशुर बोलनस मंज़, वननस मंज़, वर्तावनस मंज़, ह्य छनावनस मंज़, तुलनस मंज़, त्रावनस मंज़। क्या चॉञ्ज़ि यि टॉठ मायि बॅरॅच ज़यव, यम्तुक ओपचोप च्यॅ ज्यनॅ प्यठै सपदुय छा ईच ट्यॅठ तॅ गोब ज़ि चॅ ह्यकख नॅ अम्युक बार चॉलिथ, चॅ ह्यकख न बूलिथ, ह्यछिथ, तुलिथ-त्रॉविथ, वर्ताविथ, क्या यि चोन सनॅप्यूर सरमायि छा यूत स्रोग ज़ि अथ करन सॉरिय लतॅ-मोण्ड क्या यि चोन कॉशुर छा यूत पथर प्योमुत ज़ि अथ थोद तुलिथ पानॅनावुन गछि ब्ययिस क्रूठ।

नॅ-नॅ, यि छु नॅ चोन कसूर, यि छु म्योन कसूर, असि सारिनॅय हुन्द कसूर—यिम नॅ अथ मॉलखोर लागान छि, अथ पॉरवी करान छि, यिम अथ धकॅ दिथ ब्ययय हॅंज़ान ज़बॉन्यन फॉफलावान छि तॅ पननि ज़बॉनि अड़ॅ माज़ा कॅरिथ फ़ख्र महसूस करान छि। अॅसि छा कॉशिर।

"हा, कॅंह ना छु नॅ—"अॅमि सॅंज़ कथ चटिथ तॅलि म्यॅ तॅ गंज़रिम—अख रोपय तॅ चतजि पॉंसॅ—चन्दस छुनुम अथॅ तॅ यि कॅछा तति ओस ति कोडुम, कुल गयि ज़ॅ रोपयि पांचहॉठ। पोंस 'हमुद ख्वदायस कुन बिल गयि बरोबर।' बॅ ओसुस पानस सूॅतिय कथॅ करान ज़ि बड्रॅ प्यौ वॉतिथ। म्यॅ तॅलि तॅ कॅरिमस पोंसॅ हवालॅ—'यि क्या हज़ सिरिफ़ पांछ पोंसॅ...।' अॅमि सुंद यि वनुन ज़ि म्यॅ च्यून। बॅ गोस थोद वॅथिथ तॅ दरवाज़स कुन नेरान नेरान वोनमस, "यि हसॉ ओसुम फुटॅवोट यूनुय चन्दस। बलाय अथ फुटॅवॉटिस ज़न छि हालव ख्ययान। हॅत्युन ओसुम म्यॅ दोप, म्यॅ दोप, खबर बन्या फुटॅवोट खबर क्याह गौ अथ फुटॅवॉटिस, च्यॅ मा पै?" म्योन यि सवाल बूज़िथ खॅच बॅह्रस यहै गनूदगी हिश त लोग पानस सूॅति ल्वति-ल्वति वननि—

"हॅत्युन क्या छुम! हुँह्—तलॅ आसनस नॅ ज्ववॅ ति...।"

अॅमि सॅंज़ यि हक़ीक़थ बयॉनी बूज़िथ लोग म्यॅ ज़ोर ज़न। तॅ क़दम तुलान-तुलान वोनमस, "कॉत्याह साथ है छि..तॅ ब्वन वॉतिथ कोडुम वाशा तॅ पॉनि-पानस लोगुस वननि—

किहो पाना चॅ ति वन-ख़बर म्यॅ तोगा वनुन—?"

(सोन अदब-सन् ७५)



गज़्ल

इमन रॉचन ति कांह प्रागाश छारव।
दिमवना जॉल्य् गाशस आश छारव॥
अगर बुतरॉच प्यठ स्वर्गस दिमव कॅन,
छु मता हाजत ज़ि अॅसि् आकाश छारव॥
खबर मोठमुत छु कवॅ पननुय तमद्दुन,
वलिब ब्यथि रोवमुत यादाश छारव,॥
बॅठिस प्यठ ज़ॅट त् म्यॅट कामॅञ्ज़ि कॅरिथ गॉस,
फटिथ वोनहस बिचारस लाश छारन॥

ग्रिहुन चलिना तॅ ग्रहद्यन छाय डलिना,
नोबुय जातुक ल्यखव नॅव राश छारव॥
तिमन हॉसिल नॅ कॅह गाशी सोतान छुख,
इमव दोप सूरॅ मंजॅ खशखाश छारव।
वोज गॅछ, असॅन नॅवय कॅहवठ तॅ 'कुन्दन'
सॅमिथ अज़ पासॅ स्वनॅची चाश छारव

—"कुन्दन"

इतिहाद ज़िन्दाबाद

प्रेमनाथ जत्तू 'रस्तौगी'

दिलनमंज़ मॅ थॅविव बोग्ज़ो अनाद ।
कॉशिर्यौ पानॅवॅज्ञि् थॅविव इतिहाद ।।

इतिहादॅ सूॅति् गछि मुलुक आबाद,
कॉशिर्यौ पानॅ वॅज्ञि् थॅविव इतिहाद ।।

पानवॅज्ञि् बॉय-बॉय ह्यॅदि-मुसलमान,
यिय वनान गीता यिय छु क़ुरान,
लोल बॉगरॉविव रूजिव शाद ।
कॉशिर्यौ पानॅवॅज्ञि् थॅविव इतिहाद ।।

ह्योन्द क्या सिख क्या क्या मुसलमान,
त्रॉविथ द्वग्न्यार बॅनिव इनसान ।
ॲथि् सूॅति् लॉरिथ सोन छु मफाद ।
कॉशिर्यौ पॉनवॅज्ञि् थॅविव इतिहाद ।।


फसादूक दॅयि हुन्द कोह फुटराव
वतनुक मोहबत आलमस हाव,
शीरीन् भारत बन चॅ फरहाद ।
कॉशिर्यौ पानॅवज्ञि् थॅविव इतिहाद ।।

वतनॅच शान थव स्वै गयि ईद,
यिय वनान शीर वोत्र् सपुद शहीद,
माजि कशीरि हुन्द रूत औलाद ।
कॉशिरयौ पानॅवॅज्ञि् थॅविव इतिहाद ।।

भारतस मंज़ रछ कशीरि हुंद शान,
दुक़लब यकजाँ ह्योन्द-मुसलमान,
अथ मिलचारस छु दुनिया शाद ।
कॉशिरयौ पानॅवॅज्ञि् थविव इतिहाद ।।

शेरिकश्मीर सुन्द क्या छु इरशाद,
हिन्दू मुस्लिम सिक्ख इतिहाद,
यहै कथ थुॅवितन सॉरिय याद ।
कॉशिर्यो पानवॅज्ञि थविव इतिहाद ।।

'रास्तगो' रॉस्ती करान इज़हार,
अपज़्युक दुश्मन पज़रुक यार,
वतनस प्यठ मरुन यिय छु मुराद ।
कॉशिर्यौ पनॅवॅज्ञि थॅविवइतिहाद ।।



परसुकि यक़जा समनुक रपठ

— हज़ॅलि् सुॅन्दि कलमॅ

रेतौ मॅज़ रेथा तुॅ दोहव मॅज़ दोहा । आवु सु दोह ति यलि वहरक यकजा समुन कॉशिरिस भवनस मंज़ बेयि नसीब गोव ।

नेबुक वख रूद प्रारान यो'त ताँ गाश वोत लोसनस तुॅ अकि-अकि ह्योत सालॅ ॲनिनत्यव लूकव आँगनस मॅज़ पोद त्रावुन । अदय लोग रोनॅ-जोनॅ । कॅमिताँ कजि सतरॅंज्यन ग्यज़ि, कॉम ताॅ वाहरॉवि् सफ़ेद करॅच तॅ कॅमि् ताँ ठीकराव माइक ।

अदॅ आयि साहिबि सदर तॅ लोगुरव म्वखॅ मोख्तॅ् छकुन । असि बदख्वाहन कति आव कोशुर म्वख्त ख्वोश । कॉशिरेन मॅज कॉशिरिस भवनसु अन्दर, कॉशिरेन हुन्द कोशरूत जिन्दॅ थावन बापत युस यि यक

जा समुन ग्रोस, ग्रॅथि मजँ कॅ केचँव दीदॅ दरयौ ख्वौर, छा परवाय। ज़ॅ ठीकरिथ यि मंग ज़ि करूँवाई गछि काशिरि पाठि करन् यिज्। यि गोव न्‍ॅ व्यखचार त्‍ॅ ग्रदॅ क्वाह् गव ! विगिन्याह् ग्ररब ग्रायि स्टेजस प्यठ मगर तसन्दि दृदयुक वनवुन मोन तिथय कॅनि म्यानि यिथ कॅनि बोठि लोवरन प्यठ रुद पयर्येन हुन्द जल तरॅंग। लुख रूदि टोगज्यन मँज़ प्रथ तरफुॅ थर फिरिथ ग्वरा-ज्यन तुॅ गैसच, प्यट्रोलचि् तु पावरॅचि, समिटॅचि तॅ प्रधान मंत्री सॅन्जन पालसियन हंज म्वोखसर सारिनुॅय मौजूहन प्यठ गुफतगू करन। "कॉसि जन ग्रोन राज ग्रोन राजॅ पननि दीशि कॅड़िथ त नचनोवुन। खलकन

नवजनानन् द्राव खास तौर

पाँदि तॅ दिल रूद्रख नु कचि

तिक्याजि तिहिन्जि दिलचस्पी हंदि

पोश ग्रास्यँ नाबूद।

हज़िॅलि द्राव यि हाल वुछिथ सुलिय थि ग्रश थविथ ज़ि समाचार क्यन सफन प्यठ ग्रासि यि छॅकरिथ तॅ छाँग्रिथ बिलकु स्वब्रिथ तँ शीरिथ।

— पांचाल



व्यवॅहार

— रेणु मल्ला

बागस छि द्रहॅदिश पोश फ्वॅलान
रंगॅ-रूपँः किनि् छि न तिम रलान।
ब्योनॅ-ब्योनॅ छि सॉरी फाँफलान
केहँ यॅच फ्वलान केहँ रॅय गछान।
वारँः-वारँः ग्रॅच्छि मुचरॅनि् ह्यवान।
व्यवहार वुछिथ छुख होश यिवान।
केचँन छु होश यिथ होश डलान
खालॅइ छु कॉसि होश रोज़ान।
काँह ज़न तॅ ग्रॅपॅजइॅ छठॅ मारान
काँह ज़न तै हंगः मंगः टीफ चरान।
काँह छुय पनॅने ग्वबिरॅ नमान
काँह छुय जामन ग्रायि मारान।
ग्रख ग्रॅकिस पतॅ वुछ यिम लारान
दवँः दवि कॅरिमॅति् यिम परेशान।
यी स्वरान छि यिम व्वन्दॅ, रावॅरान।
ज़ान रावॅरान तॅ पान रावॅरान।
व्यवहार यी वुछिथ रोव इन्सान
कथ सना प्यठ यि पोश यठ हावान।

कॉशुर समाचार

अंक १६	जुलाई १९७६/अषाढ़-श्रावण २०३३	सं० ७

कश्मीरी कहानी

लगाव

लेखक—अमीन कामिल
अनु०—डॉ० शिबन कृष्ण रैणा

डाक्टर के चले जाने के बाद आइशा ने एक लम्बा निःश्वास छोड़ा, लोहार की धौंकनी को भींचकर ज्यों सारी हवा निकाल ली गई हो। वह उठी और इसी के साथ उसके टखने भी किट-किट बज उठे उदास नज़रों से बाकी बीमारों को ताकती हुई वह डिस्पेंसरी से धीरे—धीरे निकलने को हुई। डाक्टर की यह बात, बेटी तुझे हिम्मत रखनी चाहिए। यह तपेदिक़ की बीमारी हर रोगी से ऐसी ही खुदकुशी की बातें करवाती है' उसके दिमाग़ में बार—बार घूम रही थी।

डिस्पेंसरी के इस सिरे पर दरवाज़े के पास ही कम्पौंडर किसी बीमार के लिए दावाई तैयार कर रहा था। अभी तक वह चुप था। जब उसने देखा कि आइशा निकल रही है, वह दुलारी—भरी आवाज़ में उससे कहने लगा :

'जो बात तुम ने डाक्टर से कही, वह मुझे भी तो कह सकती थी। कभी—कभी कम्पौंडर बीमार को डाक्टर से भी ज्यादा अच्छी तरह समझ लेता है'।

आइशा की उम्र यही कोई बीस—बाईस के आस-पास थी। भरी जवानी में उसे अगर रोगों के बादशाह—तपेदिक ने न ग्रस लिया होता तो समूचे इस्लामाबाद में किसी भी दूसरी औरत को अपने सामने टिकने न देती, इतनी वह हसीन और मदमस्त थी। मगर अब बेचारी के चेहरे पर बादामी चश्मों (नयनों) के सिवा और कुछ भी नहीं रह गया था।

ज़ीन को उभरी नसों वाले अपने कमज़ोर हाथों से घोड़े पर कसते हुए एक साईस किसी बंगाली सैलानी को यह किस्सा मस्त-मगन होकर सुना रहा था खुद साईस की काया ऊपर—से—नीचे तक खस्ताहाली में झूल रही थी। उसने दो-तीन बार खंखारकर गले में अटके थूक को बाहर कर दिया और फिर आगे का किस्सा सुनाना शुरु किया:—

कम्पौंडर की बात आइशा के कदमों को कांउण्टर के करीब खींच लाई।

"तुम सचमुच मेरा इलाज कर सकोगे।' कम्पौंडर की बात में उसे अपने अज़ाब से छुटकारा पाने की उम्मीद-भरी एक छोटी-सी किरन फूटती हुई नजर आई।

'मगर तुम तो अभी डाक्टर से मरने की दवा मांग

रही थीं'। कम्पौंडर कांटे में किसी मरीज़ के लिए दवाई का कोई पाउडर तोल रहा था।'

'वही सही, तुम मेरी मदद करोगे ना' आइशा चहक उठी। इस मरज़ ने उसे बुरी तरह पसपा कर डाला था। ज़िन्दगी उसके लिए वबाल बन गई थी। सच भी यही है, इस दुनिया में ऐसे इन्सान की वक्अत ही क्या है जिसकी तंदरुस्ती छिन चुकी हो। रो-रोकर दिन काटने से तो अच्छा है कि एक बार में सब–कुछ खत्म हो जाए।

'अच्छा तो तुम्हारी अगर यही मर्ज़ी है तो यही सही। में तुम्हें ऐसा मिक्सचर बना के दूंगा जिससे तुम्हारे सारे दुखदर्द दूर हो जाएंगे और इस दुनिया से आज़ाद हो जाओगी। इस बार कम्पौंडर कुछ संजीदा हो उठा एक शीशी में रंग का कोई मिक्सचर तैयार करने लगा।

'इस सवाब के लिए खुदावन्द तुम्हें उम्र-दराज़ बख्शेगा। पैसे जो भी मांगोगे, दे दूंगी' आइशा के बादामी चश्मों में पीड़ा की छाया रह-रहकर तैर रही थी।

'पैसे।' कंपाउण्डर हँस दिया,, पैसे तो ठीक होने के लगते हैं, मौत के कौन– से पैसे। वह तो मुफ्त है। यह लो दवाई की शीशी। मगर हां, किसी से कहना मत कि मेंने तुम्हें यह दवा दी है।'

'क्यों कहने लगी किसी से। उतनी एहसान-फरामोश नहीं हूं, दस्तगीर साहब की कसम। उसने सचमुच दिल से कसम खाई थी।

कम्पौंडर ने उसके बादामी चश्मा और क्लाबत्तू के चोले (फिरन) पर एक दुलार-भरी नज़र डाली।

'रात को सोते वक्त बिस्तर में चुपके-से पूरी शीशी गटक जाना। समझी'।

शीशी थामते वक्त आइशा के बदन से कंपकंपी छूटी और दहशत का एक घना भाव उसके चेहरे पर उभर आया। 'मौत मुफ्त न होती तो बखुदा कोई भी मरने का नाम न लेता। 'पैसे लगने चाहिए थे मौत के, मगर लगते हैं ज़िन्दगी के' वह सोचने लगी।

'कितनी हसीन हैं तेरी ये आँखे। काश, यह मरज़ तुझे लगा न होता।' कम्पौंडर धीमे—से बुदबुदाया।

आइशा के कान जैसे खड़े हो गए। उसके चेहरे पर अत्यल्प क्षणों के लिए ललाई छिटक आई। अगर उसे इस दुनिया से अब रूखसत न होना होता तो ऐसी बेहूदा बात करने पर वह कम्पौंडर की गत बना देती। मगर, हो सकता है तब शायद कम्पौंडर भी ऐसी बार कहने की जुरअत न करता।

वह डिस्पेंसरी से निकल आई। कम्पौंडर उसे तब तक टकटकी लगाकर देखता रहा जब तक कि वह उसकी नज़रों से ओझल न हुई।

कम्पौंडर एक ज़िन्दादिल नौजवान था। ज़िन्दादिली उसने ज़माने की ठोकरों और कशमकशों से हासिल की थी। उसके न आगे कोई था और न पीछे कोई। बालपन से ही कड़ुवाहट-भरी ज़िन्दगी चखता-जीता आ रहा था। ऐसी ज़िन्दगी जिसमें किसी की प्यार-भरी नज़र के लिए दिल तड़फता रहता है।

आइशा के चले जाने के बाद उसने एक गहरी-ठण्डी आह भरी और पैमाने को पानी से धोने लगा जिसमें आइशा के लिए उसने अभी-अभी मिक्सचर बनाया था।

यहां तक बंगाली सैलानी इस किस्से को चुपचाप सुनता रहा। मगर, अब आइशा के अंजाम के बारे में जानने के लिए वह बेताब हो उठा।

'आइशा मर गई या बच गई'।

इस बार फिर साईस थोड़ी देर के लिए खांस दिया। दम सम्भालकर वह आगे कहने लगा:—

दूसरे दिन सुबह जब कम्पौंडर किसी मरीज के लिए दवाई तैयार कर रहा था और डाक्टर कहीं निकल गया था, आइशा डिस्पेंसरी के अन्दर घुसी। उसके चेहरे पर मासूम हया की छाया लुक-छिप रही थी। कल तक उसे अपने मरज़ का दुख था, पर आज उसके अंग-अंग में अपनी हसीन आँखों का मदभरा एहसास हिलोरें ले रहा था। मरीज को निपटाकर कम्पौंडर ने हैरानी-भरी नज़र आंइशा पर डाली।

'तो वह दवा तुम ने पी नहीं ? दिल माना न होगा, क्यों ?' कम्पौंडर के होंठों पर हल्की मुस्कान बिखर आई, 'दरअसल, जान सबको प्यारी होती है ना।

'पी कैसे नहीं' आइशा की पलकें हद से ज्यादा बार—बार झपक रही थी।

'तो' फिर उसने असर क्यों नहीं किया ?' कम्पौंडर ने यह बात न आंइशा से कही और न खुद से। उसका यह कथन एक तरह से सामने पड़ी बोतल की तरफ था जो आइशा अपने साथ लायी थी।

'उसे पीकर तो पहले सारा बदन टूटने – सा लगा फिर आँखों में एक अजीब तरह की खुमारी भर आई मैंने सोचा हो गई खतम। मगर, सुबह देखा कि मैं तो ज़िन्दा हूँ।' आइशा की पलकें अब भी तेज़ी से झपक रहीं थीं।

कम्पौंडर के होठों पर एक अर्थभरी मुस्कराहट उभरी। उसने आइशा के बादामी चश्मां पर एक हसरत भरी नज़र डाली।

'लगता है दवाई की मिक़्दार कम रही है, तभी उसनें असर नहीं किया है। खैर, फिक्र करने की कोई बात नहीं है। अब के उससे भी ज्यादा ताक़तवर डोज़ बनाकर दूंगा' कहते—कहते कम्पौंडर दवाई के पैमाने को धोने लगा।

आइशा को अब अपनी जिन्दगी से मोह हो गया था। अब वह मरना नहीं चाहती थी। अपनी उन बादामी आँखों के लिए वह ज़िन्दा रहना ज़रुरी समझने लगी थी जिनकी तारीफ कल कम्पौंडर ने उसके सामने छुप-छुपकर की थी। इस बादशाहं—बीमारी से छुटकारा पाकर वह वापस सेहतमन्द हो जाना चाहती थी ताकि वह यह जान पाए कि उसकी आँखों की तारीफ करने में कम्पौंडर का क्या मतलब था।

'न-न, अब दवाई मत बनाना' वह कुछ शर्मायी, 'देखे, खुदा क्या करता है। शायद ठीक ही हो जाऊंगी'

यह सुनकर हंसी में बदलती अपनी मुस्कुराहट कम्पौंडर रोक न सका। दरअसल, उसने उसे गहरी नींद लाने का मिक्चर दिया था, कुछ और नहीं।

'अच्छा, तुम्हारी अगर यही मर्ज़ी है तो यही सही मैं भी नहीं चाहता कि तुम मर— —, कम-से-कम तुम्हारी यही बादामी आँखें ....।'

एक आध लमहे के लिए कम्पौंडर की नजरें आइशा की नज़रों में घुल गई। शर्म—हया से आइशा की पलकें झुक गई। बदन का सारा खून चेहरे की तरफ भागा, तभी थोड़ी—सी लाली गालों पर नमूदार हो गई। वह तेज कदमों से डिस्पेंसरी के बाहर निकल आई। कम्पौंडर ने आवाज़ दी।

'कहां रहती हो, यह तुम ने कहा नहीं'

'कावज मुहल्ला में।' आइशा ने पीछे मुड़कर जवाब दिया, 'यों' तो रहने वाली इस्लामाबाद की हूँ मगर दो–तीन महीनों से इलाज करवाने के लिए यहां इस शहर में अपनी माँ के साथ रह रही हूं।

यह सच था कि आइशा के बादामी चश्मों के साथ

कम्पौंडर की दिलचस्पी बहुत ज्यादा बढ़ गई थी। मगर, यह भी उतना ही सच था कि इस दिलचस्पी के पीछे कम्पौंडर का मुद्दा आइशा का ध्यान इस खतरनाक मरज़ से हटाना था क्योंकि आइशा को अपने मरज़ की खौफ़ज़दगी का एहसास हद से ज्यादा हो गया था। शायद वह जवान थी, इसलिए।

बंगाली सैलानी का चेहरा खुशी से चमक उठा।

'तो' क्या आइशा ठीक हो गई ?'

'बाबूजी' साईस पहले हंस दिया फिर किन्हीं खयालों में डूबकर कहने लगाः—

'उस दिन के बाद आइशा और कम्पौंडर का मेल-मिलाप बढ़ता ही गया। दोनों दर्दमन्द थे। एक को ज़माने ने दुत्कारा था और दूसरे को मरज़ ने। दोनों सहारा चाहते थे। निशात और शालीमार के बागों में, डलझील की रोमानी फिज़ाओं में चांदनी रातों में अपनी ज़िन्दगी के हसीन क्षण बिताने लगे। इस दौरान दोनों, एक–दूसरे के बहुत क़रीब आ गए। कम्पौंडर आइशा पर अपनी तनख्वाह का अच्छा–खासा हिस्सा खर्च करता।

ज़िन्दगी के इस हसीन खेल को कम्पौंडर पूरे चार महीने तक खेलता रहा। इस बीच आइशा को बीमारी का ग़म भूल–सा गया और उसके बदले उसमें अपनी जवानी का एहसास उछलने लगा। उसके रूखसारों पर अब हल्की–सी लाली स्थायी रूप से उभर आई थी और वज़न भी उसका कुछ बढ़ गया। मगर, एक दिन वह अचानक अपनी माँ के साथ इ·लामाबाद चली गई और फिर उसके बाद कभी लौटकर न आई।

'अजीब बात है। अच्छा तो उस कम्पौंडर का क्या हुआ ?' बंगाली सैलानी की मुद्रा कुछ गंभीर हो उठी

साईस की खांसी फिर उठी। फराग़त मिलते ही उसने कहना शुरु कियाः—

'कम्पौंडर ने सचमुच ही आइशा के बादामी चश्मों में उस शराब को हिलोरते देखा था जिसके नशे में खोकर वह अपनी कडुवाहट–भरी ज़िन्दगी को भुला देना चाहता था। मगर उन मदमस्त आँखों की शराब को लूटने के लिए उसे बहुत भारी कीमत चुकानी पड़ी-इस लगाव में आइशा की बीमारी उसे लग गई थी।'

आखिरी फिकरे ने बंगली सैलानी से कुछ देर के लिए बोलने की ताक़त छीन ली। बड़ी मुश्किल से शब्दों को समेटते हुए वह बोला।

'ओह' बड़ा ही अफसोसनाक वाक़्या हुआ है। 'कम्पौडर फिर कहां गया, कुछ मालूम तुम्हें ?'

साईस संजीदा होगया।

'बाबूजी' मेहनतपेशा लोंगों के लिए उनकी तन्दुरुस्ती ही सब—कुछ होती है। खस्ताहालों को, बाबूजी, इस दुनिया में कौन पूछता हैं। सुनते हैं, बाद में उसकी नौकरी भी चली गई और उसे सड़क पर हाथ परसाना पड़ा। ज़िन्दा रहने के लिए उसे कुछ-न-कुछ तो करना था। इस लिए 'सरकारी—टूरिस्ट—घुड़शाला में साईस की नौकरी कर ली। हो सकता है इस वक्त वह बाहर से आए किसी सैलानी की ख़िदमत में लगा हो।



चिन्तन

—काशीनाथ ज़ाड़

अब क्यों चिन्तित है, इन्सान
क्यों अब व्याकुल है इन्सान
कभी न सोचा क्या करता हूं
था तुझमें इतना अभिमान
समय अभी है करले कुछ तुम
जगमें अच्छा काम
क्यों अब... ।१।

अहंकार ने तुझे था घेरा
जान लिया था सब है मेरा
अब संकट में कैसे पगले
चाहता है कल्याण
क्यों अब... ।२।

दया धर्म था त्यागा तूने
रखा पाप से प्यार
युवा अवस्था में क्यों तूने
रखा न इसका ध्यान
क्यों अब... ।३।

धर्म कर्म से नाता तोड़ा
विषय-भोग में जोड़ा
रहा न तुमको उस यौवन में
इन बातों का ध्यान
क्यों अब... ।४।

निर्धन अरू निर्बल को तूने
जगमें कभी न पहिचाना
परनिन्दा को हंसते गाया
इतना था अभिमान
क्यों अब... ।५।

नाहीं तूने परनारी को
माता—भगिनी सम जाना
समय अभी है करले मन से
परनारी का मान
क्यों अब... ।६।

विषय भोग व मदिरा पीकर
रहा मस्त दिन रात
कैसे तूने नाशी तनका
चाहा था कल्याण
क्यों अब... ।७।

समझा वैरी हितकारी को
दुष्ट बनाये यार
सुख शान्ति से अब ये कैसे
निकलेंगे रे प्राण
क्यों अब... ।८।

तन मन धन से निर्बल होकर
खाने लगा जब ऐसी ठोकर
रोता क्यों है अब आपत्ति में
करनी को पहिचान
क्यों अब... ।९।

भक्तिभाव से आशुतोष को
नमन करो इन्सान
आशा रखकर "काशी" कहता
वही करे कल्याण
क्यों अब... ।१०।



पं० हरभट्ट शास्त्री

— डॉ० अर्जुन नाथ रैणा

पं० हरभट्ट शास्त्री का जन्म २० अक्टूबर, १८७४ को गुण्ड-अहलमार, श्रीनगर, के सारस्वत ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनके विद्वान पिता प० केशव भट्ट ज्योतिषी महाराजा रणवीर सिंह के शाही दरबार में काम करते थे। वैसे संस्कृत के विद्वान होने के नाते ही उनका नाम हुआ था परन्तु वे ज्योतिष विद्या में भी निपुण थे। समय-समय पर गणित की भविष्य वाणियों के कारण उन्हें काफी प्रशंसा भी मिली। इस जवान विद्वान ब्राह्मण के तीन लड़के थे। प्रसाद राम, हरभट्ट और ईश्वर दास। प्रसाद राम जाने-माने कर्मकाण्डी ब्राह्मण थे। संस्कार विज्ञान का उन्हें गहन ज्ञान प्राप्त था और तंत्र-तारक के रुप में ख्याति प्राप्त थी। अपने शीतल स्वभाव, असीम संतोष और मधुर मुस्कान के कारण वे एक आर्दश ब्राह्मण थे और बड़ी शान के साथ उन्होने अपने ब्राह्मणत्व का पालन भी किया। ईश्वरदास, जो सब से छोटे लड़के थे, अभी कुछ दिन हुए, मर गये। अपनी तीसरी पत्नी की मृत्यु के बाद ईश्वरदास ने सरकारी नौकरी से इस्तीफा दे दिया। और ईश्वर की खोज में श्रीनगर से दूर, सुन्दर शान्त वातावरण में एक ग्राम में जो कि 'ऐशमुकाम' की पहाड़ियों में स्थित है चले गये और वहां एक संत का जीवन बिताने लगे। हरभट्ट जिनका हम यहां वर्णन करने जा रहें हैं, अपने पिता को बचपन में ही खो चुके थे और तब उनके पितामह ने उन्हें अपने पुत्र के रूप में गोद ले लिया था।

हरभट्ट की प्रारम्भिक शिक्षा पारम्परिक ढंग से घर पर ही हुई। ठाकुर भट्ट फटी हुई चादर और पुवाल के बिस्तर पर अपने नाती हरभट्ट को लाड़ से सुलाते तथा रटारटा कर उन्हें शिक्षा प्रदान करते थे। इस मौखिक शिक्षा ने शिष्य के मतिस्तष्क पर बहुत ही अच्छा प्रभाव डाला। ठाकुर भट्ट को उस समय विश्वास हा नहीं होता था जब उनका बड़ा सुन्दर लड़का अमरकोष के श्लोकों और कौमुदी के सूत्रों को कण्ठस्थ कर रहा होता था। वे इस सफलता को देखकर आनन्दतिरेक, में डूब जाते शायद ही उन्हें यह भान हुआ होगा कि उनका बड़ा लड़का किसी दिन शैवदर्शन और संस्कृत साहित्य के क्षेत्र में इतना आगे बढ़ जायेगा। हरभट्ट ने वह सभी कुछ शीघ्र ही सीख लिया जो उसके धनी घर में प्राप्य था। इसके बाद उन्होने श्रीनगर की राजकीय पाठशाला में प्रवेश लिया जहां का प्रिंसिपल उन में बड़ी रूचि लेने लगा। कम उम्र में ही इन्होने विश्वविद्यालय की योग्यता-परीक्षा, उच्च-योग्यता परीक्षा और संस्कृत आर्नस परीक्षायें अच्छे अंक प्राप्त कर, उत्तीर्ण कर ली। देवनागरी और शारदा लिपि में लिखा हुआ एक भी ऐसा ग्रन्थ बाकी न रहा जिसका अध्ययन इन्होंने न किया हो। जिन गुणों से इनका प्रिंसिपल-पंडित दयाराम-इनसे प्रभावित था उनमें इनकी स्वाच्छता और अध्ययन-प्रेम उल्लेखनीय हैं। संस्कृत की पुस्तकों की अनुपलब्धता के कारण ये प्राचीन हस्तलिखित ग्रन्थों का बड़ी लगन से अध्ययन करते थे और काफी परिश्रम करके अपने नोट लिखा करते थे। उनकी अपने पुस्तकालय में दो लाख के करीब ऐसे श्लोकों का संग्रह मिलेगा जिनको स्वयं ही इन्होंने लिखा है। हरभट्ट को दिये गये प्रमाण पत्र में विद्वान दयाराम ने लिखा था कि "काश्मीर की वास्तविक प्रतिष्ठा हरभट्ट के कारण ही सुरक्षित है।"

अबतक हरभट्ट के पास शास्त्रों को समझने और

उनकी व्याख्या करने के लिये उपयुक्त गहन ज्ञान की पृष्ठभूमि तैयार हो गयी थी। इन्होने "सूर्य सिद्धान्त" "विज्ञानिता" और "लीलावती" का अध्ययन किया। इन्होंने स्वयं भी कुछ गणनायें कीं तथा मान्य ज्योतिष रूपों की कमियों का सुधार किया। वे फलाधीश में रूचि नहीं रखते थे, क्योंकि वे इसे अटकलबाजी मानते थे और अपने जैसे विद्वान के लिये निम्नकोटि का व्यापार समझते थे। वे एक सच्चे विद्यार्थी थे। वे अण्वेषक थे और इस दौरान उनकी कुछ-भेंट कुछ विद्वान पंडितों एवं योगियों से भी हुई। काश्मीर में सर्वदा ही ऐसे पुष्प छिपे रहते है। केवल ज्ञान से हरभट्ट को शान्ति नहीं मिली। वे विवेक की प्राप्ति के लिये तरसते रहे। उनका कहना था कि विवेक पुस्तकों से परे की वस्तु है जो सत्य की समझ पर आधारित है।

हरभट्ट शास्त्री ने संस्कृत साहित्य के प्रत्येक पहलू का अध्ययन किया था परन्तु विद्वान और संतोषी ब्राह्मणों के संसर्ग के कारण वे दार्शनिक चिंतक बन गये काश्मीर के एकेश्वरवादी शैव धर्म ने उन्हें सबसे अधिक आकर्षित किया। यह दाक्षिणात्य द्वैतवादी शैवधर्म से भिन्न है। इन्होंने अपनी धर्म-संबंधी सभी उपलब्ध ग्रन्थों का अवलोकन किया। इसके कारण उनके जीवन में एक नया मोड़ आया। वे बहुत ही भाग्यवान थे क्यों कि उन्हें दिशा में निर्देशित करने के लिए कई अति प्रबुद्ध शैवशास्त्रियों का साथ मिला। उनकी ज्ञानराशि के प्रभाव के कारण ही उनकी यह आंतरिक दार्शनिक वृत्ति बहुत ही अधिक विकसित हो सकी भाग्य की इच्छा से उन्हें एक प्रतिष्ठित रहस्यवादी स्वामी आनन्दजी का अनुग्रह प्राप्त हुआ जिनकी कृपा से उनके हृदय में अलौकिक शक्ति की अग्नि प्रज्जवलित हो उठी हरभट्ट नम नगर के इस योगी के यहां की गई अपने द्वारा यात्रा का वर्णन बड़े ही मधुर स्वर में किया करते थे। वे कहते थे कि गर्मी की एक शाम को उन्होंने अंधेरे से भरे जसनगर में प्रकाश प्राप्ति के लिए प्रवेश किया। हरभट्ट जी ने यहीं पर स्थित एक अंधेरे स्थान में प्रवेश किया जिसमें महात्मा आनंद जी अपना मुख ढाँके सोया करते थे। मुख बन्द कर सोना इतने बड़े महात्मा के लिए कुतुहल की बात थी। एक एक करके सभी दर्शनार्थी चले गये पर चालीस मील से आया हुआ यह व्यक्ति थका मांदा होने को कारण वहीं एक कोने में बैठा रहा। उसके मस्तिष्क में सदेह युक्त एक प्रश्न था कि क्या यह महातमा मेरे संदेहों को दूर कर सकेगां! यह कैसे सम्भव होगा इससे क्यों कि हमने शास्त्रों का का अध्ययन नहीं किया है और यह बिल्कुल अनपढ़ है। यह सत्य भी था श्री आनन्द जी एक दर्जी थे जिन्होंने शास्त्रों का अध्ययन नहीं किया था। जिस समय हरभट्ट तर्क-विर्तक कर रहे थे वह महातमा मुस्कुरा रहा था और उसकी समझ की किरणें निकल कर अंधेरे से होती हुई उस विद्वान के मतिष्क और हड्डियों में प्रवेश कर रही थी। फिर वह शैव ग्रन्थो से पांच श्लोकों को उद्धृत कर्ता हुआ उनकी विशद व्याख्या करने के लिए बोल उठा। इससे इस युवक दार्शनिक का संदेह मिट गया। हरभट्ट जिस संदेह पूर्ण काले मानस पटल को लेकर यहां आये थे वह सवेरा होते होते धवल हो चुका था। जिस घर में किसी को रुकने की आज्ञा नहीं थी उसी घर के अंधेरे में उस महात्मा ने हरभट्ट के संदेहो को दूर कर दिया। कुछ प्रश्नों के उत्तर देने के अतिरिक्त पूरे दिन तक आनन्द जी मौन रहे। कहा था——'वह आ रहा है बेचारा।'

मैंने हरभट्ट जो से पूछा कि आपने और क्या देखा उनके पिपासु नेत्रों से आंसुओं की धारा बह निकली और उत्तर में उन्होंने कहा "चमत्कार" ब्राह्मण मुहूर्त्त में एक शांति स्वरूप ने उस पवित्र ग्राम को छोड़ दिया। वे हवा की तरह हलके, कमल पुष्प की तरह प्रसन्न और सुबह गींत गाने वाली कोयलों में अद्वितीय। ऐसे महात्मा के आखिरी शब्द हर एक के कानों में गूजंते रहे। वे शब्द थे "वह तुमहे मार्ग पर लगाने आया है। अष्टमी के दिन तूलामूला की खीर भवानी देवी के

चरणों में प्रतज्ञिा करो।'' कितनी कष्टदायक यह प्रतीज्ञा थी समय बीतता गया। चुपचाप हरभट्ट आंसू बहाते रहते और बहुधा वे अचेतन की स्थिति में पड़े रहने लगे। आखिरकार वह सवेरा, आनन्द का सवेरा, आया और हरभट्ट तूलामूला पहुँच गये। कम्बल में सर से पांव तक ढांके हुए वे वहीं चिनार की छाया में बैठे रहे यह जुलाई की गर्मी का महीना था। भक्त मंडली देवी के झूले के चारों ओर बैठकर एकाग्र चित्त से भजन गा रही थी। अर्धरात्रि के समय किसी के हाथ उनके कन्धों पर पड़े। एक संत ने जिसकी आँखे रक्त की तरह लाल थी, उन्हें पीने के लिये एक प्याला पानी दिया जिससे वे रास्ते पर लग गये। दूसरे दिन से वह संत कभी भी देवी के इर्दगिर्द नहीं दिखाई पड़ा। हरभट्ट उन्हें ढूंढ़ते ही रहे। पर असफल रहे उस दिन से मृत्यु प्रर्यन्त हरभट्ट रास्ते पर लगे रहे।

उस समय तक काश्मीर दरबार में शोधविभाग स्थापित हो चुका था। और सर जगदीश चन्द्र चट्रजी के सम्पादकत्व कार्य शुरू हो चुका था। महा महोपाध्याय मुकुन्दराम शास्त्री जी शैवधर्म संबंधी प्रधान पंडित थे, पंडित हरभट्ट शास्त्री को अपने द्वारा लिखित समालोचनाओं और नोटों में सहायता देने के लिये बुलाया। १९४६ तक यानी करीब आधी शताब्दी तक पंडित हरभट्ट शास्त्री ने ग्रन्थों के अध्ययन के बल पर अपने ज्ञान के वृद्धि की और साथ ही अपने द्वारा प्रस्तुत किये गये तंत्रों तथा शैव पाठों के द्वारा संसार के ज्ञान में वृद्धि की। एकेश्वरवादी शैव के विद्वान तंत्रों के रूप में उनकी प्रतिष्ठा बहुत दूर-दूर तक फैल चुकी थी जिसके कारण पश्चिमी और पूर्वी देशो के विद्वानों के हृदय में उनके प्रति मान और निष्ठा का भाव बन गया था। हारवर्ड विश्वविद्यायय, अमेरिका, के जेम्सवुड (James Wood) जो योगदर्शन के प्रसिद्ध अनुवादक थे, और भारतिय पुरातत्व के डाक्टर स्पूनर इनके चरणों में शिक्षा पाकर गर्व का अनुभव करते थे। कलकत्ता उच्च न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश सर जाँन वुडरोफ ने तांत्रिक पाठ्यों के सम्पादन में पं० हरभट्ट का अमूल्य सहयोग प्राप्त किया था। इस भूमि से दूर और पास के विद्वान इनके चरणों में शिक्षा प्राप्त करने आते थे। उन्होंने वहुत से विश्वविद्यालयों के शिक्षार्कों को पी० एच० डी० और उच्चतर उपाधियों के लिये किये जाने वाले अध्ययनों का मार्गदर्शन किया। हमने उन व्यक्तियों के बारे में काफी सुना है जो जापान, श्रीलंका, चीन और जर्मनी से इनके यहां प्रश्न पूछकर अपने संशयों को मिटाते थे। उन्होने प्रत्येक आने वाले को संतुष्ट किया और बाद में विभिन्न विश्वविद्यालयों के केन्द्रो में जाकर एकेश्वरशैववाद की व्याख्या के मूल तत्वों को, आजीवन प्रसारित करते रहने की योजना बनाई उनकी यह योजना पूरी न हो सकी क्यों कि मृत्यु ने उन्हें उठा लिया।

हरभट्ट साधारण तौर पर लम्बे और छरहरे बदन के गौरांग आर्य ब्राह्मण थे। उदका मुखमंडल विशाल और ललाट विस्तीर्ण था। आंखें रहस्य में डूबी प्रतीत होती थी। लम्बी दाढ़ी उनकी गर्दन तक को छिपाए रखती थी। बिना सिकुड़े हुये वस्त्र के साथ वे चन्द्राकार पगड़ी भी बाँधते थे। वे अपनी दैनिक क्रिया में समय का बहुत ध्यान रखते थे। लोग कश्मीर के इस "कान्ट," को देखकर अपनी घड़ियां ठीक करते थे। वे कभी भी कोई काम जल्दीं में नहीं करते थे। उनके कदम नये तुले और उनकी चालढाल सुव्यवस्थित थी, वे अपने इर्दगिर्द के लिये जीवन थे। संगीत की तरह कर्णप्रिय एवं शास्त्रार्थका और सुलझा देने वाली गंभीर योग्यता के प्रकाश को खाली-खाली सा उन्होंने जगह-जगह फैलाया। उनका छोटा कमरा बहुत संकीर्ण पुराने ढंग का और था परन्तु उसके भीतर की प्रत्येक वस्तु क्रम से सजी रहती थी। यह कमरा उनका अध्ययन और पूजा का घर था, शयनकक्ष और पाठशाला थी जहां आज का विश्वमित्र उच्चतम ज्ञान की बाते मधुर

स्वर में किया करता था। उनके अनुसार अकर्मण्यता सबसे बड़ा पाप था। इसी से वे वेदान्तियों को पसंद नहीं करते थे क्यों कि उनके अनुसार वेदान्त अकर्मण्यता पर आधारित था। हरभट्ट शास्त्री एक संत थे और पवित्र भोजन करते थे और उन्होंने भारतीय दर्शन का प्रत्येक उचित संदेश प्रसारित किया। उन्होंने शैवविधि की दीक्षा भी ली ताकि वे अपने कर्म के बीज को जला सकें और उनको अप्रभावी बना सकें। इन्होंने यह सब कुछ पं० ऋषि काक साहिब, गुरु पंरम्परा के आखिरी व्यक्ति, के चरणों में रहकर किया।

हिन्दू सत्यवाद के व्याख्याकारों का नाम गिनाते समय कोई भी व्यक्ति हरभट्ट शास्त्री के नाम को नहीं छोड़ सकता। गंभीर और धार्मिक दार्शनिक विचारों से युक्त इनका शब्दज्ञान ऐसा था कि सभी लोग इनके गुरुमस्तिष्क से प्रभावित हो जाते थे। उनकी प्रतिभा प्रखर और स्पष्ट थी। अन्तरात्मा की स्पष्टता, बौद्धिक एकीकरण, नैतिकता और आध्यत्मिक अन्तर्ज्ञान के कारण इनकी एक अमिट छाप उन लोगों पर पड़ जाती थी जो इनके नजदीक आते थे। उनका संदेश "उद्यमो:भरव:" था। शारीरिक आत्मिक कमजोरी पैदा करती है। शरीर आत्मा का मूल्यवान धारक है और साध्य को प्राप्त करने का साधन अधिक काम करने के लिये शारीर के स्वास्थ्य ध्यान देनी चाहिये। एक स्वस्थ शरीर जैविक आवश्यकता के अतिरिक्त वास्तविक शान के लिये भी आकश्यक है। प्लोटिनस की तरह हरभट्ट ने कहा कि अपने में निहित मैं सभी चीजों का प्रयोग करूंगा"। बहुत से बुद्धिवादियों ने उन्हें नास्तिक कहा क्यों कि उन्होंने किसी एक भगवान की बात अस्वीकार कर दी थी। उन्होंने ऐसी प्रार्थनाओं का त्याग किया जो स्वार्थी और भौतिक उद्यश्यों के लिये की जाती थीं। भौतिक अथवा आध्यात्मिककता के संदभ में यही उत्तर था कि आध्यात्मिकता भौतिकता के जरिये-साधन और साध्य।

शैवमत की समालोचना, जो उन्हीने उपनिषदों की की है, अब भी हस्तलिखित है। और यह दो प्रकार की दर्शनविधियों का तुलनात्मक अध्ययन होने के कारण भारतीय दर्शन को एक अमूल्य देन है। बहुत से शैवी मत सम्बन्धी की भी रचना इन्होंने की यह प्रसन्नता की बात है कि इनके ग्रन्थ आज भी सुरक्षित हैं हरभट्ट शास्त्री का लिखित ग्रन्थ है। इसमें संस्कृत भाषा में लिखे गये व्याख्यात्मक अभिलेख हैं और जहां तक मेरी जानकारी है इसमें भिन्न तान्त्रिक ग्रन्थों से लिये गये १२,००० पद्य भी हैं। इनके अभिलेख जो शक्ति के लिये लिखित भक्ति - पदों पर आधारित हैं, इनके ज्ञान की गहनता का बोध कराते हैं। अंतिम समय में हरभट्ट शरीर से कमजोर हो गये थे। और बिस्तर पर लेटे रहते थे जहां उनकी हड्डियों के ढांचे से ज्ञान और विवेक के मधुर स्वर फूटते रहते थे। उनके जीवन की यात्रा १५ जून १९५१ को समाप्त हो गयी। उस दिन स्नान और परिवर्तन के लिए जोर देते रहे जिसके पूरा होने पर उन्होंने प्रार्थना की और परम् शान्तिमय ब्रह्म तक की यात्रा आरम्भ कर दी। उनहोंने अपने निकट के सम्बन्धियों को बतलाया कि जीवन एक स्वप्न ही नहीं है और न यह अजेय बुराई ही है, बल्कि यह तो स्वर्ग की शक्तिशाली गति मथ लहर हैं जो सर्व-जीवन है। आश्चर्यचकित लोगों से घिरे हुए उन्होंने अन्यतम शान्ति के लिये प्रार्थना की।

उनकी मृत्यु के साथ ही कश्मीर ने उत्पलदेव और अभिनव गुप्त के पथ पर चलने वाले अंतिम पथारोही को खो दिया। उनके साथ ही एक विशेष संस्कृति युग समाप्त हो गया।

प्रकाशन :-

१. श्रीविद्यार्णवतंत्र- जो सायण माधव का तांत्रिक ग्रंथ है और शाक्त परम्परा में आता है। यही एक अकेला और अपूर्ण ग्रन्थ था जो महाराजा रणवीर सिंह के

द्वारा प्राप्त किया जा सका और जिसको हरभट्ट ने पूरा किया। शक्ति-परम्परा, चाहे वह अद्वैख्त वादी हो या द्वैतवादी, ब्रह्माण्ड के सिद्धान्त के बारे में बात करती है जिसके अनुसार वह माना जाता है कि जब शिव और शक्ति का संतुलन बिगड़ जाता है तो एक घनात्मक शक्ति और दूसरी ऋणात्मक शक्ति के रूप में सघन और सघनंतर स्तरों पर तब तक सकारांतमक और नकारात्मक रूप में क्रिया करती है जब तक ब्रह्माण्ड सृष्टि की स्थापना नहीं हो जाती।

२. ईश्वरप्रत्यभिज्ञा विमर्शिणी—— उत्पलदेवकृत, अभिनगुप्त संहितायुक्त। मौलिक रूप में यह ग्रन्थ अधूरा और दीमकों द्वारा खाया हुआ था। लोग इसके बारे में सुनते जरूर थे पर यह अदृश्य था। हरभट्ट ने इसे पूरा किया और इसके और व्याख्यात्मक अभिलेख भी लिखे।

३- देवीनाम विलासः— मूल रूप में साहब कौल द्वारा लिखित ग्रन्थ। इसमें भवानी देवी के हजारों नामों की भौतिक व्याख्यां थी। साहेब कौल ने, जो प्रसिद्ध विद्वान थे, एक हजार श्लोकों की रचना की थी और नाम का दार्शनिक विवेचन प्रस्तुत किया था। यह भी कुछ अंकों में अधूरा था। हरभट्ट ने इसे पूरा किया।


४. बृहतनील तंत्रः— पाली में लिखा यह ग्रन्थ बौद्धों की देवमाला से सम्बन्धित था। हरभट्ट ने इसका संस्कृत में अनुवाद किया। इसके विवेचनात्मक लेखों ने बहुत ही समस्याओं का समाधान किया। विश्व के संस्कृत के विद्वानों ने इस कार्य की सराहना की।

५. रमाकान्त की भगवतगीताः— यह अधूरा ग्रन्थ अभिनवगुप्त की गीता के समान ही पाठावली है हरभट्ट ने ग्रन्थ को पूर्ण किया और खोये पृष्ठों की रचना की जो इसके-पाठ से भिन्न है और इसकी समालोचना में कृष्ण द्वारा अर्जुन को दिये गये शैव दर्शन के व्याख्यानों का वर्णन है।

६. घट-खर्परा काव्यः— इस अधूरे ग्रन्थ के लेखक के रूप में हरभट्टने कालिदास की ऐतिहासिकता को सिद्ध किया है। इस पर लिखी हुई टीका मौलिक कृति है और तुलनात्मक दर्शन के विद्यार्थियों के लिये परम रूचिकर है।

७. पंचस्वतीः— यह पांच गीत-खंडों का संग्रह काव्य है। इसके गीत निताना भक्तियुक्त है। परमशचिदेवी के लिए लिखे गये काफी प्रचलित गीत हैं। पन्नों पर लिखे इन गीतों को पढ़ना भी पाप माना जाता था इन पर शोध करने और टीका लिखने की बात ही अलग थी। हरभट्ट ने इस विशाल कार्य को १६,००० श्लोकों की रचना करके पूरा किया। इनके ये श्लोक टीका के रूप में हैं। धर्माचार्य, जो १३०० वर्ष पैदा हुये थे, के साथ ही लेखक की तरह इनका भी नाम आने लगा है प्रथम सर्ग श्लोकवैभोद्वार पर लिखा गया है। केवल एक ही श्लोक मायाकुण्डलिनी और आयीपल्लवितै-से २,००,००० से अधिक भंभो की उत्पत्ति हुई है। दूसरे सर्ग में यह वताया गया है कि शक्ति क्या है। तीसरे सर्ग में यह समझाया गया है कि शक्ति के साथ प्रतिक्रिया कैसे की जा सकती है। चौथे और पांचवे सर्ग में शक्ति दर्शन की उच्चता को प्रतिपाछित किया गया है। हरभट्ट के सम्पूर्ण जीवन की यही देन रही है, जिसके आधार पर हम उनकी विद्वत्ता का निर्णय कर सकते है।

यह उनके ही प्रयत्नों का फल है कि शैव स्तोत्रों, आदि का प्रकाशन आज से ५० वर्ष पूर्व संभव हो सका है।



बारह कदम

—विनोद भान

जैसे पहला फूल खिला हो
कोमल लाल कनेर पर,
नये साल का सूरज देखो
आ बैठा मुंडेर पर,
केवल बाहर कदम चला बस
इतने लम्बे साल में,
बूढ़ा वर्ष चींटियों से भी
पिछड़ गया था चाल में।
हार गया था वह ऐसे ही
अब जीवन की होड़ में,
ठोकर खाकर बूढ़ा घोडा
लुढ़क पड़े ज्यों दौड़ में।
हारे हुए खिलाड़ी सा वह
चला गया मुँह मोड़ कर,
नये साल का सूरज देखो
आ बैठा मुंडेर पर।
जाने क्या कह दिया हवा ने
पात-पात के कान में,
बगिया लगी झूमने-गाने।
नये वर्ष के ध्यान में
क्या क्या दिखलायेगा जाने
अभी गठरिया खोलकर,
और दोस्ती गांठेगा। यह
किससे क्या-क्या बोलकर।
अभी तलक तो भीड़ खड़ी है
परदेसी को घेर कर,
नये साल का सूरज देखो
आ बैठा मुंडेर पर।



घाटी की साहित्यिक-सांस्कृतिक गतिविधियां

प्रस्तोताः —डा० शिबन कृष्ण रैणा

★ पिछले दिनों जम्मू व कश्मीर कल्चरल अकादमी के एक विशेष समारोह में श्रीनगर के प्रो० महीउद्दीन हाजनी और जम्मू के केदारनाथ शर्मा को उनकी साहित्य सेवाओं के लिए अकादमी की फेलोशिप प्रदान की गई। इसी अवसर पर प्रदेश के कुछ अन्य साहित्य-कर्मियों, कलाकारों आदि को भी सम्मानित किया गया। इन में प्रमुख हैं—सर्वश्री गुलाम मुहम्मद कालीन बाफ, दीना नाथ नादिम, इब्न महजूर, नसीम अख्तर, सपन माला, मधुकर आदि। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शेख मुहम्मद अब्दुल्ला इस समारोह के विशिषिट अतिथि थे

★ कश्मीरी शब्द-कोश, जो कल्चरल अकादमी,


श्रीनगर के तत्वावधान में तैयार हो रहा है, का चौथा खंड छप गया है। अब कोश 'ग़' तक पूरा हो चुका है।

★ कश्मीरी के प्रसिद्ध लेखक और चित्रकार श्री रसूल संतोष 'काशुर-अदब' (कश्मीरी साहित्य) पत्रिका को फिर निकाल रहे हैं। (आज से लगभग दो-वर्ष पूर्व इस पत्रिका का प्रकाशन किन्हीं कारणों से रूक गया था।) अगला अंक जुलाई में छपने वाला है।

★ कश्मीरी कवि और निबन्धकार श्री मोतीलाल साक़ी को उनकी पुस्तक "व्यथ छि ग्रज़ान आगरय' पर केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, ने 'नव-साक्षरों के लिए लेखन' शीषक पुरस्कार-योजना के अन्तर्गत प्रथम पुरस्कार प्रदान किया है। श्री साकी की ही एक अन्य पुस्तक 'आँकवन' (पहचान) शीघ्र प्रकाशित हो रही है। इसमें लेखक के कश्मीरी साहित्य सम्बन्धी खोजपूर्ण लेख संकलित हैं।

★ जम्मू व कश्मीर कल्चरल आकादमी के वर्ष १९७५-७६ के अकादमी-पुरस्कार सर्वश्री हरिकृष्ण कौल, गुलाम नबी गौहर और अमीन कामिल को मिले हैं। पुरस्कृत पुस्तकों के नाम क्रमशः इस प्रकार हैं। 'पत लारान परबत', 'म्युल' और 'पदिस पोदॅ छ़ायि'।

★ कश्मीरी के प्रसिद्ध हास्य-व्यंग्य लेखक पद्मश्री पुष्कर भान का नाटक़-संग्रह 'हीरो मचाम' मारकेंट में आ गया है। इस संग्रह में भान साहब की बहुचित मचामा- सीरीज़' के चुने हुए नाटक संगृहीत हैं।



कश्मीरी की एक लघुकथा

भगवान : कितना मूर्ख, कितना बुद्धिमान

—डॉ० शिबन कृष्ण रैणा

बाग़ में तरह-तरह के पेड़ लगे हुए थे। अखरोट, चिनार, शहतूत आदि। कुछ वेलें इन्हीं पेड़ों में गलबैंयां डाले खड़ी थीं। अखरोट के पेड़ के नीचे सुस्ताते उस व्यक्ति से न रहा गया।

'भगवान भी कितना मूर्ख है'। इतना बड़ा अखरोट का पेड़ और इतना छोटा-सा फल। उधर, इतनी छोटी-सी बेल और इतना बड़ा कद्दू।'

तभी वायु का एक झोंका आया। एक अखरोट पेड़ की डाल से कटकर उस व्यक्ति के खोपड़े पर जाकर गिरा।

'भगवान कितना बुद्धिमान है। अगर कद्दू गिरता तो आज सचमुच मेरा यह खोपड़ा फूट ही जाता। माथा सहलाते हुए उस व्यक्ति ने मन में विचार किया।

हमारा पंचांग

श्रावण कृष्ण पक्ष

जुलाई १६७६ :

१२ (सोमवार) ... ... ओकदोह ।

१४ (बुधवार) ... ... तृय; पंचक आरम्भ
११ ब० १६ मि० दिन;
संकट चोरम ।

१६ (शुक्रवार) ... ... पंचमी, संक्रांति ।

१६ (सोमवार) ... ... अष्टमी; पंचक समाप्त
६ ब० २६ मि० प्रातः ।

२७ (मंगलवार) ... ... अमावस् ।

श्रावण शुक्ल पक्ष

२८ (बुधवार) ... ... शोकदोह; द्वय (द्वितीया)

अगस्त १६७६ :

१ (रविवार) ... ... षष्ठी; कुमार षष्ठी ।

२ (सोमवार) ... ... सप्तमी; तुलसीदास जयन्ती ।


६ (सोमवार) ... ... श्रावण पूर्णिमा;
अमरनाथ यात्रा; रक्षा बन्धन;
थजी वारा यात्रा ।

Registration No.
12866/66

Regd. No. D(S) 017

KOSHUR SAMACHAR

A SOCIO-CULTURAL MONTHLY



Printed and published by B. L. Razdan from Kashmir Bhawan, Kashmir Bhawan Marg, Amar Colony, New Delhi-24, for the Kashmiri Samiti, Delhi, at BHAN PRINTERS, 776/B-1, Naveen Shahdara, Delhi-32.
Editor : Narendar N. Kaul